**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 23 मई, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज दीक्षा भूमि, नागपुर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने वहाँ भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दीक्षाभूमि परिसर का अवलोकन किया।

राज्यपाल महोदय ने इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करते हुए कहा कि इस पावन भूमि में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धम्म की दीक्षा लेकर सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के मूल्यों को नया जीवन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है।

---